No. 3105/28/2016-BC.III
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
*****

Shastri Bhawan, New Delhi
Dated: 23rd January, 2025

To

All Private Satellite TV Channels

In the past years, Ministry of Information and Broadcasting has been getting requests from members of civil society to facilitate access to the people with hearing impairment to the Speech of Hon'ble President of India on the eve of Republic Day on 25th January and to the commentary of Republic Day Ceremony/Parade on 26th January by carrying the telecast accompanied with sign language interpretation and English/Hindi closed captions to help them connect meaningfully with this important National Day.

2. Public broadcaster, Doordarshan has indicated that DD Bharati/DD News will carry sign language interpretation of the President's Message to the nation on their channel from 07:00 PM to 07:30 PM on 25th January, 2025. It has further stated that on 26th January, 2025, DD News will carry the sign language interpretation of the commentary on their channel from 09:00 AM to 12:15 PM tentatively (or till the end).

3. Media has always been at the forefront in taking up important issues concerning national unity and integrity, progress of disadvantaged sections of the society, etc. It has the power to drive positive changes in the society.

4. In order to achieve the above mentioned objectives, the feed of DD News/DD Bharati is being made available free of cost. Therefore, all TV channels are urged to carry the live telecast of the Speech of Hon'ble President of India on 25th January, 2025 and Republic Day Parade with commentary on 26th January, 2025, through the feed of DD Bharati/DD News with sign language interpretation and English/Hindi closed captions for the benefit of differently abled people and to make the event accessible to all.

23/1/25

(Navneet Kumar)
Under Secretary to the Govt. of India
Tele: 2338 3646

Copy to:
1. President, The Indian Broadcasting & Digital Foundation (IBDF), New Delhi
2. President, News Broadcasters Federation (NBF), New Delhi
3. Other associations of News Broadcasters

सं. 3105/28/2016-बीसी. III
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक 23 जनवरी, 2025

सेवा में,

सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल

पिछले वर्षों में, सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सिविल सोसाइटी के सदस्यों से 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत के माननीय राष्ट्रपति के संदेश और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह/ परेड की कमेंट्री को श्रवण बाधित लोगों तक पंहुच की सुविधा प्रदान करने और इनका सांकेतिक भाषा में व्याख्या और अंग्रेजी/ हिंदी क्लोजड कैप्शन के साथ प्रसारण करने के अनुरोध मिलते रहे हैं, ताकि उन्हें इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवस के साथ सार्थक रूप से जुड़ने में मदद मिल सके।

2. लोक प्रसारक, दूरदर्शन ने इंगित किया है कि डीडी भारती/ डीडी न्यूज दिनांक 25 जनवरी, 2025 को शाम 07:00 बजे से शाम 07.30 बजे तक अपने चैनल पर राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति के संदेश की सांकेतिक भाषा में व्याख्या प्रसारित करेगा। यह भी उल्लेख किया जाता है कि 26 जनवरी, 2025 को डीडी न्यूज अपने चैनल पर सुबह 09:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक अस्थायी रूप से (या अंत तक) कमेंट्री की सांकेतिक भाषा में व्याख्या प्रसारित करेगा।

3. राष्ट्रीय एकता, समाज के वंचित वर्गों की प्रगति आदि से संबंधित महत्पूर्ण मुद्दों को उठाने में मीडिया हमेशा सबसे आगे रहा है। इसमें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की शक्ति है।

4. उपर्युक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, डीडी न्यूज/डीडी भारती का फीड मुफ्त में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिए, सभी टीवी चैनलों से आग्रह किया जाता है कि वे 25 जनवरी, 2025 को भारत के माननीय राष्ट्रपति के संदेश का सीधा प्रसारण और 26 जनवरी, 2025 को कमेंट्री के साथ गणतंत्र दिवस परेड का सीधा प्रसारण, डीडी भारती / डीडी न्यूज के फीड के माध्यम से सांकेतिक भाषा में व्याख्या और अंग्रेजी / हिंदी क्लोजड कैप्शन के साथ दिव्यांग लोगों के लिए प्रसारित करें और कार्यक्रम को सभी के लिए सुलभ बनाये |

नवनीत कुमार 23/1/25

(नवनीत कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 2338 3646

प्रतिलिपिः
1. अध्यक्ष, द इंडियेन ब्रॉडकास्टिंग & डिजिटल फांउडेशन (आईबीडीएफ) , नई दिल्ली
2. अध्यक्ष, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन (एनबीएफ) , नई दिल्ली
3. समाचार प्रसारकों के अन्य संघ